**Regarding under-utilization of budget funds for Rural Development Schemes due to limited projects taken up at ground**

श्री तारिक अनवर **(**कटिहार**) :** सभापति महोदया, ग्रामीण विकास और पंचायती राज मंत्रालय का जो बजट है, उसमें कम खर्च किया जा रहा है, मैं उसकी ओर आपका ध्यान आकर्षित कराना चाहता हूं । ग्रामीण विकास योजना के लिए हर वर्ष बजट भले ही दिया जा रहा है, लेकिन धरातल पर परियोजनाएं अपेक्षित गति नहीं पकड़ रही है ।